


## एक नजर में

### युवा उद्यमियों का महाकुंभ-20 दिसंबर को इंदौर में होगा यंग एंटरप्रेन्योर्स समिट

**उज्जैन।** युवा उद्यमियों के लिए एक महत्वपूर्ण आयोजन, यंग एंटरप्रेन्योर्स समिट, 20 दिसंबर को ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर, इंदौर में आयोजित किया जाएगा। इस समिट का उद्देश्य युवा उद्यमियों को प्रेरित करना और उन्हें अपने व्यवसाय को बढ़ाने के लिए आवश्यक जानकारी और संसाधन प्रदान करना है। युवा उद्यमियों के फोरम द्वारा समिट के पूर्व कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला कलेक्टर रोशन सिंह ने भाग लिया। उन्होंने उज्जैन के विकास और सरकार द्वारा उद्यमियों के लिए चलाई जा रही परियोजनाओं के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर, ज़ेड ब्लैक के प्रबंध निदेशक अंकित अग्रवाल ने समिट के बारे में विस्तृत जानकारी दी और बताया कि इस समिट में ओयो रूम्स के सीईओ रितेश अग्रवाल और प्रसिद्ध यूट्यूबर राज शमानी जैसे वक्ता भाग लेंगे। समिट का उद्घाटन मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव करेंगे। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा, युवा उद्यमियों के फोरम के इंदौर सदस्य अधिवक्ता राहुल सेठी, सीए नितिन गरूड और उल्लास वैद्य भी उपस्थित थे। उल्लास वैद्य ने उद्योग लगाने की योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि सरकार द्वारा कई योजनाएं चलाई जा रही हैं जो युवा उद्यमियों के लिए फायदेमंद हो सकती हैं। युवा उद्यमियों के फोरम के उज्जैन अध्यक्ष दिलीप परियानी ने यंग एंटरप्रेन्योर्स फोरम के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यह फोरम युवा उद्यमियों को एक मंच प्रदान करता है, जहां वे अपने अनुभव साझा कर सकते हैं और एक दूसरे से सीख सकते हैं।

### देवी मां पूरी बाई की जयंती 11 दिसंबर को

**उज्जैन।** क्षत्रिय क़ीर समाज अपनी आराध्य देवी, मेवाड़ की शूरवीर योद्धा क्षत्राणी मां पूरी बाई की 315वीं जन्म जयंती बड़े धूमधाम से 11 दिसंबर गुरुवार को देपालपुर में मनाई जाएगी। जिसको लेकर समाज ने तैयारियां शुरू कर दी है। इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए मध्यप्रदेश के समस्त 22 जिलों सहित विशेष रूप से उज्जैन, इंदौर, धार, रतलाम, शाजापुर, देवास, मंदसौर, नीमच, खरगोन, खंडवा, झाबुआ, बुरहानपुर और हरदा से क़ीर समाज के हजारों लोग शामिल होंगे। क्षत्रिय क़ीर समाज द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम समाज सेवा, एकता और अपने पूर्वजों के प्रति सम्मान का प्रतीक माना जा रहा है। समाजजन का कहना है कि इस आयोजन के माध्यम से युवा पीढ़ी को अपनी विरासत, संस्कृति और वीर परंपराओं से परिचित कराने का उद्देश्य रखा गया है। कार्यक्रम के दौरान समाज के युगपुरुषों की स्मृति को नमन किया जाएगा तथा समाज को संगठित कर उत्थान एवं विकास की दिशा में महत्वपूर्ण संदेश देंगे। क़ीर समाज सेवा संगठन मध्यप्रदेश के सभी पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि इस आयोजन में मौजूद रहेंगे। यह जानकारी संगठन के युवा प्रदेश अध्यक्ष तेजुबाबा ने दी।

### कक्षा 6 के विद्यार्थियों को साइकिल का वितरण




**माकड़ोन।** कड़ोदिया संकुल अंतर्गत शासकीय माध्यमिक विद्यालय सालनाखेड़ी में कक्षा 6ठी के छात्र-छात्राओं को नि:शुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सालनाखेड़ी के सरपंच दीवान सिंह, जनशिक्षक भूपेंद्र कुमार भावसार, विद्यालय के प्रधानाध्यापक अर्जुन सोलंकी, अतिथि शिक्षक जितेंद्र सिंह राजपूत तथा ग्राम के वरिष्ठ गणमान्यजन विशेष रूप से उपस्थित रहे। समारोह के दौरान छात्रों की साइकिलों का पुष्पमालाओं से स्वागत किया गया तथा सभी उपस्थित छात्र-छात्राओं और अतिथियों को मिठाई वितरित की गई। इस अवसर पर सरपंच दीवान सिंह राजपूत ने बच्चों को शिक्षा के महत्व से अवगत कराया और अधिक से अधिक संख्या में शासकीय विद्यालयों में प्रवेश लेने हेतु प्रेरित किया। अंत में विद्यालय के प्रधानाध्यापक अर्जुन सोलंकी ने सभी अतिथियों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

### वार्ड क्रमांक 13 में किया सर्वेक्षण कार्य



**महिदपुर।** भारत सरकार के अंतर्गत राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय उपक्षेत्रीय कार्यालय उज्जैन द्वारा महिदपुर में वार्ड 13 में आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण योजना के तहत सर्वेक्षण कार्य किया जा रहा है। यहां सर्वेक्षण कार्य 3 दिसंबर से 6 दिसंबर तक किया जा रहा है। इसके तहत संबंधित परिवारों से रोजगार बेरोजगारी पर आंकड़े एकत्रित किए जा रहे हैं। जिसमें पार्षद जगदीश राठौर एवं नगर पालिका कर्मचारी विनोद एवं उपक्षेत्रीय कार्यालय के निरीक्षण अधिकारी श्रीकांत बाथली द्वारा सर्वे साथ में रहकर उचित सहयोग दिया जा रहा है। सर्वे कार्य सर्वेक्षक प्रगणक धर्मेंद्र राठौर द्वारा किया जा रहा है। यह सर्वे देश के विकास के लिए, खास तौर पर युवाओं को रोजगार देने के लिए एवं देश की आर्थिक व्यवस्था सुधारने के लिए सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है।

### पुलिया और बिरियाखेड़ी से बेड़ावन्या तक सड़क मार्ग स्वीकृत

**खाचरौद।** नागदा-खाचरौद विधानसभा क्षेत्र के ब्राह्मखेड़ी में कुड़ेल नदी पर 3 करोड़ 97 लाख की लागत से पुलिया और बिरियाखेड़ी से बेड़ावन्या तक सड़क मार्ग (2 करोड़ 60 लाख राशि) का स्वीकृत गया है। इस पुलिया की मांग ग्रामीण जनों द्वारा विगत कई वर्षों से की जा रही थी। लेकिन वर्तमान विधायक डॉ. तेज बहादुर सिंह चौहान द्वारा इसे स्वीकृत करवाया गया और साथ ही बिरियाखेड़ी से बेड़ावन्या स्टेशन मार्ग जो पूर्णत: जर्जर हो चुका था। उसकी भी स्वीकृति हो चुकी हैं। उक्त दोनों कार्यों का निर्माण कार्य भी अतिशीघ्र शुरू करके जनता को समर्पित कर दिया जाएगा। स्वीकृति होने पर विधायक डॉ. चौहान ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया और लोक निर्माण विभाग मंत्री राकेश सिंह के प्रति धन्यवाद व्यक्त किया।

### टीन शेड निर्माण का भूमिपूजन आज

**घट्टिया।** विधानसभा क्षेत्र घट्टिया में तीन टीन शेड निर्माण का भूमिपूजन शनिवार को लोकप्रिय विधायक सतीश मालवीय के मुख्य आतिथ्य में होगा। लगभग 5 करोड़ 97 लाख रुपये की लागत से बनने वाले टीन शेड से आमजनों को सुविधा होगी। ग्राम जैथल में श्री दुर्देश्वर महादेव मंदिर में टीन शेड निर्माण राशि 1 करोड़ 99 लाख 20 हजार। ग्राम सोडंग में श्री देवनारायण मंदिर में टीन शेड निर्माण राशि 1 करोड़ 99 लाख 20 हजार। ग्राम अंबोदिया में श्री बिल्वकेश्वर महादेव मंदिर में टीन शेड निर्माण राशि 1 करोड़ 99 लाख 20 हजार का भूमिपूजन 6 दिसंबर को होगा।

# कॉलेज की छात्राएं पहुंची देवास गेट पुलिस थाने पर

- पुलिस बोली, किसी भी प्रकार की अनुचित घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दे




**उज्जैन। शासकीय कालिदास कन्या महाविद्यालय, उज्जैन की छात्राओं ने वॉलेंटियर दिवस पर पुलिस थाना भ्रमण कर पुलिस की कार्यप्रणाली को समझा।**

वॉलेंटियर दिवस के उपलक्ष्य में शासकीय कालिदास कन्या महाविद्यालय, उज्जैन में जेंडर क्लब के प्रभारी डॉ. पूजा साहू, प्रोफेसर मोनिका परमार एवं डॉ. भावना नागर के नेतृत्व में छात्राओं को स्वयं एवं आसपास की सुरक्षा के प्रति जागरूक करने हेतु शहर के देवास गेट थाने का भ्रमण कराया गया।

प्रस्थान से पूर्व महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. वंदना गुप्ता ने छात्राओं को वॉलेंटियर दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सेवा, समर्पण एवं जिम्मेदारी की भावना ही वास्तविक नेतृत्व क्षमता का आधार है। समाज में सुरक्षा और सहायता के लिए कई बार हमें पुलिस प्रशासन के सहयोग की आवश्यकता होती है, परंतु बचपन से मन में बैठा पुलिस का भय अनुचित है। आज के इस भ्रमण से आपका यह भय दूर होगा तथा आप भविष्य में अधिक सजग एवं आत्मविश्वासी बन सकेंगी।

देवास गेट थाने पर थाना प्रभारी अनिला पाराशर ने छात्राओं को स्वयं की सुरक्षा, सतर्कता तथा किसी भी प्रकार की अनुचित घटना की सूचना तुरंत पुलिस को देने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि अपराध रोकने के लिए अपराधी को सजा मिलना आवश्यक है, इसलिए शिकायत करना पहला और महत्वपूर्ण कदम है।

उन्होंने वर्तमान में बालिकाओं के लिए संचालित 'मिशन मुस्कान' की विस्तृत जानकारी भी दी। थाने के सहयोगी हेड कांस्टेबल धर्मेंद्र, लेडी कांस्टेबल सोनू और कांस्टेबल विनोद ने छात्राओं को थाना प्रबंधन, कार्यप्रणाली, प्रकरणों की प्रक्रिया, अपराधियों की स्थिति तथा दैनिक ड्यूटी संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की।

छात्राओं के मन में पुलिस एवं थाने के प्रति बाहरी भय को दूर करते हुए उन्होंने सभी प्रश्नों के उत्तर सहजता एवं आत्मीयता से दिए। महाविद्यालय की एन.सी.सी. प्रभारी डॉ.मधुबाला राठौर एवं डॉ अंजना जायसवाल की उपस्थिति रही। महाविद्यालय की मीडिया प्रभारी डॉ. रूपा भावसार ने बताया कि वॉलेंटियर दिवस के अवसर पर संपन्न यह भ्रमण छात्राओं के लिए अत्यंत प्रेरणादायी और ज्ञानवर्धक रहा। इस भेंट से छात्राओं में सुरक्षा जागरूकता, प्रशासनिक समझ और आत्मविश्वास का उल्लेखनीय विकास देखा गया।



## सिंगल यूज प्लास्टिक के विरुद्ध जनजागरूकता अभियान का आयोजन

**माकड़ोन।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 के अंतर्गत 5 दिसंबर को नगर परिषद माकड़ोन ने बाजार क्षेत्र में सिंगल यूज़ प्लास्टिक उन्मूलन के लिए विशेष जनजागरूकता अभियान चलाया गया। यह अभियान मुख्य नगर पालिका अधिकारी कैलाश चंद्र कर्मा, नगर परिषद अध्यक्ष आशाबाई गोकुल राठौर तथा उपाध्यक्ष करण सिंह गुर्जर के निर्देशन में आयोजित किया गया। अभियान के दौरान नगर परिषद टीम द्वारा नगर के समस्त दुकानदारों को समझाइश दी गई कि पॉलीथिन बैग, थर्माकोल प्लेट, प्लास्टिक कप, प्लास्टिक बोतल आदि जैसी सिंगल यूज़ प्लास्टिक वस्तुएं पर्यावरण को गंभीर रूप से प्रदूषित करती हैं और स्वच्छता एवं जन-स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हैं। टीम ने दुकानदारों व नागरिकों से अपील की कि वे कपड़े या जूट के थैले, स्टील, मिट्टी के बर्तन तथा पुन: प्रयोग योग्य सामग्री का अधिक से अधिक उपयोग करें। अभियान में स्वच्छता प्रभारी मनोज परमार, दरोगा सतीश जी भैरवे, अरविंद देवड़ा तथा सहयोगी संस्था की टीम सक्रिय रूप से उपस्थित रही।

## आयरन मैन ट्रॉफी के लिए बॉडीबिल्डर फुलाएंगे सीना

**उज्जैन।** राज्य शरीर सौष्ठव संस्था मध्य प्रदेश के तत्वावधान में उज्जैन जिला शरीर सौष्ठव संस्था एवं आयरन जिम के द्वारा स्वर्गीय सुरेंद्र सिंह कुशवाह स्मृति में 37वीं जिला स्तरीय आयरन मैन ट्रॉफी बॉडीबिल्डिंग चैंपियनशिप का आयोजन आज 6 दिसंबर शनिवार पॉलिटेक्निक कॉलेज ग्राउंड एरीना में किया जा रहा है।

उक्त खेल आशय की जानकारी प्रदान करते हुए आयोजन समिति के संयोजक एडवोकेट संदीप सिंह कुशवाह एवं पूर्व मिस्टर इंडिया सिविल सर्विसेज जितेंद्र सिंह कुशवाह ने बताया कि इस स्पर्धा में जूनियर, सीनियर, मेन फिजिक और दिव्यांग वर्ग के लगभग 105 शरीर साधक संगीत की धुन पर थिरकते हुए मांसपेशियों का प्रदर्शन करेंगे। इस स्पर्धा में 10 वजन विभागों में 51 हजार कैश प्राइज, आकर्षक ट्राफी व प्रमाणपत्र वितरित किए जाएंगे। स्पर्धा के ऑब्जर्वर राज्य संस्था के चेयर मेन प्रेम सिंह यादव रहेंगे।

## श्रीमद् भागवत गीता का संदेश जीवन का सार है : डॉ. राकेश ढांड

- माधव कॉलेज में श्रीमद् भागवत गीता पर सारस्वत आयोजन



**उज्जैन। श्रीमद् भागवत गीता जयंती के पावन अवसर पर प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय माधव महाविद्यालय में त्रिदिवसीय गीता जयंती कार्यक्रम दर्शन, मराठी एवं संस्कृत विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया।**

प्रथम दिवस पर श्रीमद् भागवत गीता से संबंधित साहित्य एवं चित्रों की प्रदर्शनी लगाई गई। इस अवसर पर विद्यार्थी अजय देवड़ा ने श्रीमद् भागवत गीता विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किये। डॉ. शैलजा साबले ने मराठी में भागवत गीता पर विचार रखे। द्वितीय दिवस मुख्य अतिथि डॉ. राकेश ढांड एवं प्राचार्य प्रो. कल्पना वीरेंद्र सिंह ने श्रीमद् भागवत गीता प्रदर्शिनी का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि डॉ. राकेश ढांड ने कहा भारतीय ज्ञान परंपरा में श्रीमद् भागवत गीता एक अमूल्य धरोहर है । हमारी भारतीय ज्ञान परंपरा के नायकों ने भारतीय संस्कृति की परंपराओं को अक्षय रखा है। उन्होंने कहा कि दृश्य एवं दृष्टि का निर्मल होना अत्यंत आवश्यक है। गीता के संदेश जीवन का सार हैं। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रो कल्पना वीरेंद्र सिंह ने कहा कि विश्व बंधुत्व की भावना हमें श्रीमद् भागवत गीता सिखाती है। हम सब एक हैं। यह एकता ही अखंड भारत का निर्माण करती है। स्वागत वक्तव्य देते हुए डॉ. शोभा मिश्रा ने श्रीमद् भागवत गीता की आरती को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. जफर महमूद ने किया। आभार डॉ. नलिनी तिलकर ने माना।

## 12 दिन में 3 प्रिंसिपल, अब डॉ. पेंढारकर होंगे प्राचार्य

**उज्जैन।** इंजीनियरिंग कॉलेज में एक तरफ प्रोफेसर्स के बीच विवाद चल रहा है। वहीं दूसरी तरफ विभाग द्वारा बार-बार प्रिंसिपल भी बदले जा रहे हैं। 12 दिन के भीतर तीसरी बार कॉलेज में प्रभारी प्राचार्य को बदला है। अब कॉलेज के सिविल इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट के प्रोफेसर डॉ. उमेश पेंढारकर को प्रभारी प्राचार्य बनाने के आदेश जारी हुए हैं।

पूर्व प्राचार्य डॉ. जेके श्रीवास्तव और डॉ. पेंढारकर के बीच चल रहे विवाद के चलते पिछले कुछ दिनों से इंजीनियरिंग कॉलेज लगातार चर्चाओं में बना हुआ है। इनके बीच विवाद तब गहरा गया, जब कुछ फैकल्टी मेंबर के साथ डॉ. पेंढारकर आधी रात को कॉलेज बिल्डिंग में प्रवेश कर गए। इस मामले को लेकर दोनों पक्षों ने पुलिस को लिखित शिकायत देकर एफआईआर दर्ज करने की भी मांग की। इसी बीच प्रभारी प्राचार्य डॉ. श्रीवास्तव को रीवा ट्रांसफर करने के आदेश आ गए। इसके बाद डॉ. सविता मारू को प्रभारी प्राचार्य बनाया लेकिन पांच दिन के भीतर ही फिर से प्रभारी प्राचार्य को बदल दिया गया।

गुरुवार को तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के उपसचिव राकेश कुशरे की ओर से डॉ. पेंढारकर को प्रभारी प्राचार्य का प्रशासनिक प्रभार सौंपते हुए संस्था प्रमुख और आहरण एवं संवितरण अधिकारी भी घोषित करने के आदेश जारी किए गए। डॉ. पेंढारकर ने बताया वे शुक्रवार को प्रभारी प्राचार्य के रूप में पदभार ग्रहण करेंगे।

14 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट द्वारा महत्वपूर्ण आदेश में मप्र हाईकोर्ट खंडपीठ इंदौर की डबल बेंच द्वारा दिए गए निर्णय पर रोक लगा दी। जिसके आधार पर अगले ही दिन डॉ. उमेश पेंढारकर ने प्रभारी प्राचार्य का पदभार ग्रहण किया। सुप्रीम कोर्ट ने डॉ. जेके श्रीवास्तव के खिलाफ दायर याचिका को निरस्त करते हुए उनके प्राचार्य पद पर नियुक्ति को नियम सम्मत बताते हुए डॉ. श्रीवास्तव के पक्ष के निर्णय दिया। जिसके परिपालन में 31 अक्टूबर को डॉ. श्रीवास्तव ने प्रभारी प्राचार्य के रूप में पदभार ग्रहण किया। 23 नवंबर को तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग ने आदेश जारी कर डॉ. जेके श्रीवास्तव का इंजीनियरिंग कॉलेज, रीवा ट्रांसफर कर दिया। 25 नवंबर को उन्हें रिलीव होने का आदेश भी तकनीकी शिक्षा आयुक्त कार्यालय से जारी किया गया। 30 नवंबर को सिविल इंजीनियरिंग की प्रोफेसर डॉ. सविता मारू को प्रभारी प्राचार्य बनाने का आदेश विभाग ने निकाला। उसी दिन डॉ. मारू ने पदभार ग्रहण किया। 4 दिसंबर को तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग ने डॉ. उमेश पेंढारकर को प्रभारी प्राचार्य बनाए जाने के संबंध में आदेश निकाला।

## हनुमान अष्टमी पर्व पर होगा भव्य भंडारा

**महिदपुर।** धार्मिक नगरी में यूं तो अनेकों आयोजन होते ही रहते हैं। लेकिन यहां पर हनुमान अष्टमी का पर्व बड़ी ही धूमधाम से मनाया जाता है। उसका कारण यहां पर विराजित श्री रणजीत हनुमान जी जो कि काफी चमत्कारी और आस्था का केंद्र है। जिन्हें नगर सेठ भी कहा जाता है। यहां पर हनुमान अष्टमी के उपलक्ष्य में 7-8-9 दिसंबर से धार्मिक आयोजनों की धूम रहेगी। जिसमें रामायण परायण 2 पाठ के साथ ही 9 दिसंबर मंगलवार को सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ होगा। 10 दिसंबर को सुंदरकांड का पाठ किया जाएगा। 12 को प्रभात फेरी के साथ ही भंडारे का आयोजन चौक बाजार महिदपुर में किया जायेगा। आयोजन समिति नगर सेठ श्री रणजीत हनुमान मंदिर समिति ने धार्मिक जनता से अधिक से अधिक धार्मिक लाभ लेने की अपील की है।




## सीईओ जिला पंचायत ने खाचरौद में निरीक्षण किया

**उज्जैन।** सीईओ जिला पंचायत श्रेयांस कुमट द्वारा शुक्रवार को खाचरौद के बेरछा क्लस्टर में आयोजित क्लस्टर अनुश्रवण शिविर के दौरान उन्हेल में निर्माणरत महाविद्यालय के भवन, घिनौदा में जैविक कृषि फार्म, बुरानाबाद में जवाहर नवोदय विद्यालय तथा आंगनवाडी केंद्र उमरना में आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीईओ जिला पंचायत ने आंगनवाडी केंद्र के बच्चों से बातचीत की और केंद्र में मिलने वाली व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्हेल में निर्माणाधीत महाविद्यालय के निरीक्षण के दौरान सीईओ जिला पंचायत ने निर्देश दिए कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। साथ ही समय सीमा में निर्माण कार्य पूर्ण किया जाए। इस दौरान सीईओ जनपद पंचायत खाचरौद गिरिराज शर्मा एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

**एक नजर** — भजन संध्या के साथ महाप्रसादी का हुआ आयोजन, महाआरती की

# अन्नपूर्णा प्रकटोत्सव पर सीता रसोई परिवार ने लगाया छप्पन भोग

**उज्जैन। इंदिरा नगर स्थित श्री सीता रसोई परिवार द्वारा अशोक सिंह गहलोत मित्र मंडली के नेतृत्व में मां अन्नपूर्णा प्रकट उत्सव पर छप्पन भोग लगाकर महाआरती की गई। भव्य भजन संध्या के साथ ही महाप्रसादी का आयोजन किया गया।**



जयंती के अवसर पर माँ अन्नपूर्णा को 56 पकवानों का भोग लगाकर महा आरती संपन्न हुई। श्री सीता रसोई परिवार द्वारा अशोक सिंह गहलोत मित्र मंडली के नेतृत्व में आए हुए सभी अतिथियों का केसरिया दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया गया। अशोक सिंह गहलोत का साफा एवं बाबा महाकाल का दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया गया। अन्नपुर्णा प्रकट उत्सव पर भव्य भजन संध्या में मधुर भजनों पर झूम उठे। कार्यक्रम के पश्चात महाप्रसादी का आयोजन किया गया जिसमें हजारों भक्तों ने मां अन्नपूर्णा की प्रसादी ग्रहण की।

सीता रसोई परिवार द्वारा अशोक सिंह गहलोत के मार्गदर्शन में शहर के प्रसिद्ध अंकपात स्थित गया कोठा तीर्थ स्थल पर वर्ष भर आने वाले श्रद्धालुओं को निशुल्क भोजन की व्यवस्था की जाती है। इस अवसर पर पूर्व निगम सभापति सोनू गहलोत, नगर जिला उपाध्यक्ष अशोक कैथवास, जिला कुश्ती संघ अध्यक्ष उमेश सिंह ठाकुर, गुड्डू भैया, नगर मंत्री एवं कुश्ती संघ सह सचिव विजय चौधरी, जन भागीदारी अध्यक्ष बुद्ध सिंह सेंगर, विशाल पांचाल, मां अन्नपूर्णा हलवाई सर्विस कैटर्स संघ के अध्यक्ष सतीश लश्करी, प्रदेश महामंत्री कृष्ण वल्लभ भागवत, संरक्षक मनमोहन तिवारी, महामंत्री मुकेश राव वागले, सचिव संतोष सिंह चौहान, उदय सिंह कुशवाह, विष्णु उस्ताद, दयाराम उस्ताद, लच्छू काका, अंतर सिंह गहलोत, धीरू बन्ना, चिंतेश शर्मा, पवन जैन, जीवन सिंह सिसोदिया, अनिल कुमावत, भँवरसिंह जाधव, शांतिलाल सांखला, प्रवीण भागवत, मंगेश जयसवाल, मुकेश खंडेलवाल, प्रकाश राजवानी, मांगीलाल अग्रवाल, अंतर सिंह गेहलोत, झोन अध्यक्ष विजयसिंह कुशवाह, नगर मंत्री पवन विश्वकर्मा, तेजबहादुर सिंह शक्तावत, मनीष मिश्रा, दीपक चौहान, शर्माजी, संतोष पांडे, महेश यादव, विशाल शर्मा, दिनेश वर्मा, जयदीप सिंह तोमर, विवेक चतुर्वेदी सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अशोक सिंह गहलोत ने बताया कि मां अन्नपूर्णा प्रकट उत्सव पर 56 भोग के साथ ही महा आरती कर भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया। हलवाई संघ प्रदेश महामंत्री श्री कृष्ण वल्लभ भागवत ने बताया कि अन्नपूर्णा हमारी कुलदेवी है। उनका प्रकट उत्सव बडे ही भक्ति भाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के सभी वरिष्ठ जन, युवा साथी, मातृशक्ति की गरिमामय उपस्थिति रही।